# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (22.06.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 22.06.2025, PAGE-10**

**आयोजन** | जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में मनाया गया योग दिवस, बीआरए बिहार विवि में कुलपति ने अधिकारियों के साथ किया योगाभ्यास

# निरोग रहने के लिए प्रतिदिन योग करना जरूरी : वीसी

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** जिले के स्कूल-कॉलेजों में शनिवार को योग दिवस मनाया गया। बीआरएबीयू में हुए कार्यक्रम में कुलपति प्रो. डीसी राय ने अधिकारियों के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि निरोग रहने के लिए प्रतिदिन योग करना जरूरी है।

उधर, एमआईटी में प्रकृति द नेचर क्लब एवं योगा क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक धरती, एक स्वास्थ्य की राष्ट्रीय थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमडीडीएम कॉलेज में एनएसएस प्रभारी डॉ. शगुफ्ता नाज व एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देबश्रुति के संयुक्त नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। शुभारंभ प्राचार्या डॉ. कनुप्रिया ने किया। एमएसकेबी में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो डॉ लोकमान्य रविंद्र प्रताप ने किया। रामेश्वर कॉलेज में एनएसएस की ओर से प्राचार्य प्रो.ब्रह्मचारी व्यास नन्दन शास्त्री की अध्यक्षता में प्रातः योगाभ्यास कराया गया। धर्म समाज संस्कृत कॉलेज में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी आदि शामिल हुए। आरबीबीएम कॉलेज में आयोजित योग शिविर में शिक्षकों-छात्राओं ने योग किया। नूपुर कलाश्रम की ओर से श्री कृष्णा सभागार आमगोला में योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें हर उम्र के बच्चे, वयस्क और युवा सम्मिलित हुए। डॉक्टर रंजना सरकार, डॉ संजय पंकज और योग आचार्य प्रमोद कुमार ने भारतीय योग की उपयोगिता पर विशेष व्याख्यान दिया।

**चित्रगुप्त एसोसिएशन :** छाता चौक स्थित चित्रगुप्त एसोसिएशन परिसर में चित्रगुप्त एसोसिएशन एवं आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस मनाया गया। विनय कुमार ने योग का प्रशिक्षण दिया। मौके पर सतीश कर्ण, अजय कुमार श्रीवास्तव, राकेश सम्राट, सतेन्द्र कुमार पिंकू, हरेश्वरनाथ श्रीवास्तव, अजय कुमार, विश्वंभर प्रसाद, सुनील कुमार श्रीवास्तव, तरुण कुमार, उदय नारायण सिन्हा, वीरेंद्र कुमार, अनिल श्रीवास्तव, राकेश कुमार, अरुण कुमार छोटन थे।

**वर्ष 2015 से हो रहा आयोजन:** संत निरंकारी सत्संग भवन अखाड़ा घाट रोड में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालु, सेवादल स्वयंसेवक एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। संत निरंकारी मंडल के संयोजक जवाहर प्रसाद ने कहा कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने योग दिवस का नियमित रूप से आयोजन किया जा रहा है।



शनिवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में योग करते कुलपति व अन्य पदाधिकारी।

**बच्चों ने किया योग:** जिज्ञासा क्लब एक सामाजिक संस्था ने स्कूली बच्चों के साथ योग दिवस मनाया। योग करें, निरोग रहें का संदेश दिया गया। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार के द्वारा दिया गया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 22.06.2025, PAGE-04

# स्वस्थ जीवनशैली का पर्याय योग : कुलपति

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि भारत से निकल योग पूरी दुनिया में स्वस्थ जीवनशैली का पर्याय बन गया है। विश्वविद्यालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक - छात्र -छात्राएं शामिल हुए। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, प्राक्टर प्रो. बीएस राय, एनएसएस समन्वयक डा. अनुराधा पाठक समेत अन्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन डा. पयोली और धन्यवाद ज्ञापन डा. सरोज कुमार वर्मा ने किया। आरबीबीएम कालेज में योग शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. ममता रानी ने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मन को भी शांत और संतुलित करता है। एलएनटी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास सत्र का शुभारंभ प्राचार्य डा. अभय कुमार सिंह ने किया। इसमें एनएसएस



विश्वविद्यालय परिसर में योग करते कुलपति प्रो . डीसी राय समेत अन्य • जागरण

पदाधिकारी डा. संतोष कुमार, हिंदी विभागाध्यक्ष डा. चितरंजन कुमार समेत अन्य शामिल हुए। एमडीडीएम कालेज में योग दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. कनुप्रिया ने कहा कि योग केवल शरीर की क्रिया नहीं बल्कि आत्मा की अनुभूति है। नीतीश्वर महाविद्यालय में प्राचार्य डा. मनोज कुमार के नेतृत्व में योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एलएस कालेज और प्रजापिता ब्रह्मकुमारी के संयुक्त तत्वावधान में योग समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय ने कहा कि योग भारत में उत्पन्न एक शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है। मौके पर बीके संजीव भाई, प्रो. राजीव झा, प्रो. जयकांत सिंह आदि मौजूद रहे। रामेश्वर कालेज में प्राचार्य प्रो.ब्रह्मचारी व्यास नन्दन शास्त्री ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। एमएसकेबी कालेज में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. डा. लोकमान्य रवींद्र प्रताप ने की। संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डा. ममता वर्मा ने किया। राजकीय पालीटेक्निक में योग दिवस का आयोजन प्राचार्य डा. ठाकुर संजय कुमार के नेतृत्व में किया गया।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:22.06.2025, PAGE-06**

# पांच जिलों के नौ केंद्रों पर होगी स्पेशल पार्ट टू की प्रैक्टिकल परीक्षा

- कल से जिले में तीन केंद्रों पर होगी परीक्षा
- परीक्षा नियंत्रक डा. राम कुमार ने जारी किया निर्देश

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्पेशल पार्ट टू की प्रैक्टिकल परीक्षा सोमवार से शुरू होगी। इसके लिए पांच जिलों में कुल नौ केंद्र बनाए गए हैं। जिले के तीन केंद्रों पर यह परीक्षा होगी। इसको लेकर नए परीक्षा नियंत्रक डा. राम कुमार ने निर्देश जारी किया है। बताया गया है कि प्रैक्टिकल परीक्षा का आयोजन 26 जून तक होगा। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि सभी कालेजों के प्राचार्य अपने स्तर से एक्सटर्नल की नियुक्ति कर प्रैक्टिकल परीक्षा कराएंगे। इसके तीन दिनों के भीतर ई-मेल पर साफ्ट कापी भेजने को कहा है। पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा खत्म हो चुकी है। अब 26 जून तक प्रैक्टिकल कराकर 29 जून तक परीक्षा विभाग को इसके अंक



उपलब्ध कराने हैं। मुजफ्फपुर में तीन, हाजीपुर में दो, सीतामढ़ी में दो, मोतिहारी और बेतिया में एक-एक केंद्र बनाया गया है। बताया जा रहा है कि परीक्षा के बाद जल्द से जल्द रिजल्ट जारी किया जाएगा।

**परीक्षा केंद्र, विषय और टैग कालेज :**

- डा. आरएमएलएस कालेज - भौतिकी, रसायनशास्त्र, बाटनी, जूलाजी, मनोविज्ञान, भूगोल - मुजफ्फरपुर के सभी संबद्ध कालेज।
- नीतीश्वर महाविद्यालय - भौतिकी, रसायनशास्त्र, बाटनी, जूलाजी, मनोविज्ञान, भूगोल और गृह विज्ञान - मुजफ्फरपुर के सभी अंगीभूत कालेज।
- एमडीडीएम कालेज - संगीत -- मुजफ्फरपुर, वैशाली व सीतामढ़ी के सभी कालेज
- जेएल कालेज हाजीपुर - भौतिकी, रसायनशास्त्र, बाटनी, जूलाजी, मनोविज्ञान, भूगोल - वैशाली के सभी अंगीभूत व संबद्ध कालेज।
- आरएसएस साइंस कालेज सीतामढ़ी - भौतिकी, रसायनशास्त्र, बाटनी, जूलाजी, मनोविज्ञान - सीतामढ़ी के सभी अंगीभूत व संबद्ध कालेज।
- जेएलएनएम कालेज सुरसंड - भूगोल, होम साइंस - सीतामढ़ी के सभी अंगीभूत व संबद्ध कालेज।
- पीयूपी कालेज मोतिहारी - भौतिकी, रसायनशास्त्र, बाटनी, जूलाजी, मनोविज्ञान, भूगोल, संगीत और होम साइंस। पूर्वी चंपारण के सभी अंगीभूत और संबद्ध कालेज।
- आरएलएसवाइ कालेज बेतिया - भौतिकी, रसायनशास्त्र, बाटनी, जूलाजी, मनोविज्ञान, भूगोल, होम साइंस और संगीत - पश्चिम चंपारण के सभी अंगीभूत व संबद्ध कालेज।
- वैशाली महिला कालेज हाजीपुर - होम साइंस - वैशाली के सभी अंगीभूत व संबद्ध कालेज।